# उज्जैन के राजा तुमको आना पड़ेगा भजन लिरिक्स

उज्जैन के राजा तुमको आना पड़ेगा,

दोहा – चिंतामन चिंता हरे,
क्षिप्रा करे निहाल,
दया करे माँ हरसिद्धि,
रक्षा करे महाकाल।

---

बाबा मेरे भोले मेरे,
भर दो झोली दाता मेरे,
आ जाओ आ जाओ आ जाओ,
उज्जैन के राजा तुमको आना पड़ेगा,
भक्तो को दर्शन दिखाना पड़ेगा।bd।

तर्ज – जिसका मुझे था इंतजार।

---

महाँकाल नगरी है बड़ी निराली,
जो भी जाता है आता ना खाली,
तेरा सहारा हमे तेरा सहारा है,
भक्तो की किस्मत को तूने सवारा है,
आ जाओ आ जाओ आ जाओ,
उज्जैन के राजा तुमकों आना पड़ेगा,
भक्तो को दर्शन दिखाना पड़ेगा।bd।

---

जब भी संकट आया है भारी,
तूने सबकी बिगड़ी सवारी,
तेरा ही नाम सुनके दर पर तेरे आया हूँ,
तेरे दर्शन की आस मन में लाया हूँ,
आ जाओ आ जाओ आ जाओ,
उज्जैन के राजा तुमकों आना पड़ेगा,
भक्तो को दर्शन दिखाना पड़ेगा।bd।

---

बाबा मेरे भोले मेरे,
भर दो झोली दाता मेरे,
आ जाओ आ जाओ आ जाओ,
उज्जैन के राजा तुमकों आना पड़ेगा,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com